Seventeenth Loksabha

>

Title: The Speaker on behalf of the House congratulated ISRO scientists for successful Launch of Cartosat-3 Satellite onboard PSLV.

माननीय अध्यक्ष: मुझे सदन को यह सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज इसरो ने एक बार फिर पी.एस.एल.वी. रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया है । इस रॉकेट ने स्वदेशी कार्टोसेट-3 उपग्रह के अलावा अमेरिका के एक दर्जन से अधिक नैनो सैटेलाइट्स को भी उनकी कक्षाओं में सफलतापूर्वक छोड़ा है । कार्टोसेट-3 उपग्रह हमारे देश की हाई रिजॉल्यूशन इमेजिंग क्षमता को बढ़ाएगा । इस सफल प्रक्षेपण ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है । इस उपलब्धि पर इसरो और अंतरिक्ष विभाग की पूरी टीम को मैं सदन की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं । साथ ही, मैं यह विश्वास भी व्यक्त करता हूं कि अंतरिक्ष के शान्तिपूर्ण उपयोग में इसरो और अंतरिक्ष विभाग के नए कदम देश के विकास में उल्लेखनीय योगदान करते रहेंगे ।